दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 16-09-2025

# हाई कोर्ट में निगम ने बताया- गांधी चौक से तारबाहर तक सड़क का वर्कऑर्डर जारी

## नेहरू चौक से दर्रीघाट तक सड़क के लिए प्रक्रिया पूरी, वर्कऑर्डर जल्द




गांधी चौक से तारबाहर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

लीगल रिपोर्टर | बिलासपुर

अपोलो हॉस्पिटल रोड समेत शहर की कई सड़कों की खराब हालत को लेकर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में पीडब्ल्यूडी और नगर निगम की तरफ से शपथ पत्र के साथ जवाब पेश किया गया। निगम ने बताया कि गांधी चौक से तारबाहर तक सड़क के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद वर्कऑर्डर जारी हो चुका है। अपोलो हॉस्पिटल सड़क के चौड़ीकरण और नाला निर्माण का काम जारी है। अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

सड़क निर्माण से जुड़े मामले पर हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई 5 अगस्त को हुई थी, जिसमें कोर्ट ने राज्य के लोक निर्माण विभाग के सचिव और बिलासपुर नगर निगम के कमिश्नर को सड़कों की स्थिति पर स्टेटस रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत दोनों विभागों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की।

### मनियारी पुल के लिए सिर्फ 1 बोली: पीडब्ल्यूडी

पीडब्ल्यूडी के सचिव ने बताया कि गांधी चौक से तारबाहर तक सड़क के निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। ठेकेदार को 25 अगस्त को वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया है। सड़क के चार महीने में पूरी होने की उम्मीद है। वहीं, नेहरू चौक से दर्रीघाट तक सड़क के लिए बोली की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और दस्तावेजों की जांच चल रही है। इसके अलावा, तखतपुर में मनियारी पुल के निर्माण के लिए दोबारा टेंडर निकाला गया था, जिसमें सिर्फ एक बोली मिली है। इस संबंध में एनएच के मुख्य अभियंता से मार्गदर्शन मांगा गया है।

### 4 जोन में पैचवर्क- मरम्मत का काम पूरा: निगम

नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि जोन 4, 5, 6, और 8 में पैचवर्क और मरम्मत का काम पूरा हो गया है। इसकी लिस्ट और तस्वीरें भी दी गई हैं। अपोलो चौक मेन रोड पर चौड़ीकरण और नाला निर्माण का काम जारी है। अपोलो चौक से मानसी गेस्ट हाउस तक का ब्लैक टॉपिंग का काम बारिश के बाद शुरू होगा। मानसी गेस्ट हाउस से रपटा चौक तक का काम भी चल रहा है। सड़क से अतिक्रमण हटाने के बाद इसे मुक्त रखने के लिए वेंडिंग जोन बनाया गया है।